प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 19.11.2026**

थाना बरौर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध असलहा-कारतूस के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम, थाना बरौर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर नासिर पुत्र बुहाद निवासी केसी थाना बरौर जनपद कानपुर देहात उम्र 35 वर्ष को अवैध तमंचा 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ कुटरा जाने वाली रोड से 300 मीटर पहले ग्राम केसी थाना क्षेत्र बरौर से दिनांक 18.11.2026 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बरौर पर मु0अ0सं0 98/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम नासिर पुत्र बुहाद उपरोक्त पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त नासिर उपरोक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता-

नासिर पुत्र बुहाद नि0 केसी थाना बरौर जनपद कानपुर देहात उम्र 35 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली थाना बरौर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री अजय कुमार
2. का0 हिमांशू यादव
3. का0 महेश कुमार
4. का0 अभिनन्दन